## समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली सीईओ ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने कल 5 मई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, सी.एम. कार्यालय, सी.एम. हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



**सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश**

सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज सभी शिकायतों का संतोषजनक और त्वरित निराकरण किया जाए। सभी बड़े विभाग विशेष प्रयास करेंए और पिछली बार से ग्रेडिंग में सुधार करें। आपके कारण पूरे जिले का प्रदर्शन खराब होता है। उन्होंने भारिया हितग्राहियों के लिए संचालित आहार अनुदान योजना से संबंधित दोनों सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों का 2 दिवस के अंदर निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग को दिए हैं। बैंक खाते संबंधी समस्या के कारण राशि उनके खाते में भी पहुंची है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर और पूरी संवेदनशीलता के साथ करें।

**पेयजल संबंधी शिकायतों पर विशेष फोकस**

सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल संबंधी शिकायतें आ रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इस पर विशेष ध्यान दे और तत्परता से समस्या का निराकरण कराएं। सभी एस.डी.एम. भी अपने क्षेत्र पर पूरी नजर रखें और पेयजल समस्या का समाधान निकालें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्वास्थ्य विभाग चिमटीपुर, कारेआम, रातेड़ आदि क्षेत्रों के जल स्त्रोतों की जांच करा लें और क्लोरिनेशन सुनिश्चित कराएं। विगत वर्ष जैसे डायरिया की स्थिति उत्पन्न न हो। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के जल के समुचित ट्रीटमेंट के बाद की पेय जल के लिए दिया जाए।

अभियान के क्रियान्वयन में जिले का प्रदर्शन प्रदेश स्तर में बेहतर है। लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में और बेहतर कार्य किया जा सकता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभाग अभियान में और गति लाएं।

**जनजातीय बच्चों को सिखाएं गोंडी, भीली एवं अन्य स्थानीय भाषा का बुनियादी अक्षर ज्ञान**

शासन की मंशा के अनुरूप जनजातीय क्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों को गोंडी, भीली और अन्य स्थानीय भाषाओं का बुनियादी अक्षर ज्ञान जरूर सिखाएं। पीएम जनमन अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी यही मंशा है कि जनजातीय संस्कृति और धरोहर को संजोया जाए और अगले पीढी को उससे अवगत कराया जाए। जिला परियोजना समन्वयक और जनजातीय कार्य विभाग इसके लिए स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित कराएं।

बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार ने समय सीमा के अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर व अंकिता त्रिपाठी, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, उप संचालक सामाजिक न्याय पी. राजौदिया, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य अनुविभागों के एस.डी.एम., तहसीलदार सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

## सात व आठ मई को छिन्दवाड़ा दौरे पर रहेंगे ग्रामीण विकास एवं श्रम विका मंत्री

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 7 मई को जिला छिंदवाड़ा के दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 2 बजे तामिया रेस्ट हाउस पहुंचेंगे और अल्प विश्राम के पश्चात शाम 4 बजे जनपद पंचायत जुन्नारदेव के ग्राम इकलासामी (भालेआम) स्थित कन्हान नदी के उद्गम स्थल का पूजन एवं भ्रमण करेंगे। इसके पश्चात् वे पुनः तामिया लौटेंगे और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे।



मंत्री श्री पटेल 8 मई को प्रातः 8 बजे तामिया से प्रस्थान कर 8:30 बजे जनपद पंचायत तामिया के ग्राम बातरा पहुंचेंगे, जहाँ वे दूधी नदी के उद्गम स्थल का पूजन व भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे छिंदी, चिमटीपुर और सुरलाखापा पहुँचेंगे।

सुरलाखापा में सीता रेवा और शक्कर नदी के उद्गम स्थलों के पूजन व भ्रमण के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में संचालित स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील सेवा की भी जानकारी लेंगे तथा इसके बाद इसका पूरे प्रदेश में भी प्रचार प्रसार किया जायेगा की जानकारी मिली है।

### सार-समाचार

## कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति की बैठक कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति की मासिक बैठक कल 07 मई 2025 दिन बुधवार को परशुराम वाटिका के सामने, शुक्ला ग्राउण्ड के पास, छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12 बजे से शाखा के अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया की अध्यक्षता में रखी गयी है, जिसमें बालगोविन्द सूर्यवंशी, ओ.पी. मेंहगिया, शत्रुधन साहू, राजेश गौतम, रामभाऊ पवार, प्रभाकर कोल्हे, सुनील कुमार शर्मा, खुशीलाल खुराना, भानू पाल, श्रीमति सरला साहू, शाखा पदाधिकारियों ने छिन्दवाड़ा जिले के कोयला के समस्त पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनायें।

## नवेगांव में होम्योपैथिक व तामिया में आयुर्वेद महाविद्यालय खोलने की प्रक्रिया से अवगत कराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद विवेक साहू जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सांसद के प्रयासों से केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय और राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने छिन्दवाड़ा जिले के नवेगांव में होम्योपैथी तामिया में आयुर्वेद महाविद्यालय खोलने की पहल की है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने



लोकसभा में शून्यकाल के दौरान नवेगांव में हौम्योपैथिक महाविद्यालय एवं तामिया में आयुर्वेद महाविद्यालय खोले जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने लोकसभा में केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया था कि जिले के तामिया और पातालकोट विश्व प्रसिद्ध आदिवासी क्षेत्र है इन क्षेत्रों में जड़ी बूटियों का भंडार है जिसका ज्ञान यहां के जनजातीय लोगों को भी है। हौम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति भी सरल सुलभ सस्ती इलाज की पद्धति हैं। ऐसी स्थिति में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय कम लागत में प्रारंभ कर चिकित्सा की सुविधा बढ़ाई जा सकती है। सांसद द्वारा उठाये गये मामले के संदर्भ में केन्द्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने सांसद बंटी विवेक साहू को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि केन्द्र प्रायोजित योजना के राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिन राज्यों में सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है वहा नये आयुष कॉलेजों की स्थापना का प्रावधान है छिन्दवाड़ा के नवेगांव में होम्योपैथिक एवं तामिया में आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत आयुष मंत्रालय भारत सरकार को भेजा जा सकता हैं।

## किसानों को सिंचाई हेतु पानी मिले : किसान कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के अंतर्गत माचागोरा जलाशय से किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराये जाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के शासनकाल में माइक्रो-1 एवं माइक्रो- 2 योजना को स्वीकृत प्रदान की गयी थी। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त योजना से जिले के सैकड़ों ग्रामों के किसानो को सिंचाई हेतु पानी दिया जाना था। योजना का कार्य 2025 तक पूर्ण किया जाना था। लेकिन योजना का कार्य अभी अधूरा पड़ा हुआ है, योजना को लागू करने का प्रमुख उद्देश्य किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाना था। योजना के अधूरे रहने से किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों के हित में माइक्रो-1 एवं माइक्रो- 2 सिंचाई योजना का कार्य शीघ्र करवाकर किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध करवाये जाने हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

## उल्टी दस्त के मरीज बढ़े

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा चिकित्सालय की ओपीडी में इन दिनों उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है इसका मुख्य कारण मौसम के साथ साथ पानी का प्रदूषण बताया जा रहा है जिस ओर उच्चाधिकारियों से ध्यान देने की मांग की।

## मंत्रियों का वो समूह कहां गया जो चुनाव के समय वोट मांगने आया था : आनंद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद बक्षी ने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में लगातार विकास कार्यों हेतु फंड की अत्याधिक कमी के लिए भाजपा पर कटाक्ष करते हुए यह प्रश्न पूछा है कि भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों का वह समूह कहा गया जो चुनाव में वोट मांगने छिंदवाड़ा आया था।

आनंद बक्षी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास, सिंचाई विभाग जैसे अनेकों विभाग फंड की कमी से जूझ रहे है। जनता को यह स्मरण होगा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े बड़े मंत्री रोज़ाना छिंदवाड़ा आते थे और उनके द्वारा जनसभाओं में यह दावा किया जाता था की छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के विकास में फंड की कमी नहीं आने देंगे। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं कि आज दोनों जिले फंड की अत्याधिक कमी से जूझ रहे है। विकास कार्य पूर्णतः ठप्प है।



नई कोयला खदाने खुलने के कोई आसार नहीं दिख रहे। स्थानीय निकायों के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तो साफ कह दिया कि भोपाल से फंड नहीं मिलेगा, आप जनता पर करो में वृद्धि कर फंड की व्यवस्था स्वयं करे। यह आश्चर्यजनक है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कैबिनेट ने आज तक छिंदवाड़ा के विकास का कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं किया। कांग्रेस जनता जनार्दन से यह अनुरोध करती हैं कि झूठे वादे कर के पीठ में छूरा घोपने वाले ऐसे झूठे मंत्रियों और ऐसी झूठी पार्टी को सबक सिखाए। भविष्य में ऐसे मंत्रियों के छिंदवाड़ा आने पर उनका घेराव कर प्रश्न पूछे जाएंगे।

## सियाल घोघरी भूमिगत कोयला खदान में बचाव मॉक ड्रिल का आयोजन

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** सियाल घोघरी भूमिगत कोयला खदान में खदान के बचाव प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा हेतु परासिया क्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक अलताफ अंसारी एवं खान सुरक्षा उपनिदेशक कमेरा तिरुपति की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।



मॉक ड्रिल प्रक्रिया के तहत गत दिवस प्रातः लगभग 11:28 बजे सियाल घोघरी भूमिगत कोयला खदान के डिपिलरिंग पैनल ई-4(1) सी के 51 लेवल 5 डीप में अचानक रूफफॉल होने और उसमे 2 श्रमिकों के दबने एवं चोटिल होने की सुचना मिली। खदान प्रबंधन की सूचना पर परासिया रेस्क्यू स्टेशन की पूर्णतः से सुसज्जित सुरक्षादल ने तत्काल सियाल घोघरी खदान पहुंच सियाल घोघरी के छः सदस्यी (आरटीपी) सुरक्षादल के साथ मिलकर बचाव कार्य करते हुए दोनों श्रमिकों को सुरक्षित खदान के बाहर निकाला। श्रमिकों को चिकित्सा हेतु खदान के एम्बुलेंस के द्वारा चिकित्सालय भेजा गया।

खदान प्रमुख भूपेंद्र सिंह चौधरी द्वारा आपात स्थिति की सूचना पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक अमले को दी गयी। सियाल घोघरी खदान के एजेंट, प्रबंधक, सेफ्टी अफ्सर, कालरी इंजीनियर, मेडिकल अफ्सर, वेलफेयर अफ्सर आदि सभी अधिकारियों ने मानक संचालन प्रक्रिया के तहत अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मॉक ड्रिल की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत खान सुरक्षा निदेशक अलताफ अंसारी तथा खान सुरक्षा उपनिदेशक कमेरा तिरुपति द्वारा सम्पूर्ण बचाव प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए भविष्य में सुधार तथा प्रक्रिया को और अधिक सक्षम बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगाई प्याऊ और लिया जल संरक्षण का संकल्प

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल ही जीवन है जल है तो कल है इसी उद्देश्य से डेनियलसन डिग्री कॉलेज के स्वयंसेवकों द्वारा संस्था प्राचार्य प्रो. श्रीमती स्मृति हाबिल एवं एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफ्डे के नेतृत्व में जल है तो कल है जल ही जीवन है भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने प्याऊ लगाकर समाज सेवा की दिशा अमूल्य योगदान दिया।



शरद स्टीफन एवं पामेला अंथोनी ने जल संरक्षण एवं घटते जल स्तर को संरक्षित करने युवाओं से संवाद करते हुए बताया कि जल है जीवन का अनमोल रतन इसे बचाने का करें जतन करें।

स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि वृक्षारोपण में सहयोग करें, जल को बचाने का जतन करें, पॉलिथीन छोड़ पर्यावरण से नाता जोड़े, स्वच्छता को अपने बीमारी को दूर भगाएं इन विषयों पर संवाद करते हुए आम जन से अपील करते हुए संकल्प लिया।

एन.एस.एस. के युवा चंचलेश वर्मा, राजा इंदोरकर, दशरथ चन्द्रवंशी, अकलेश विश्वकर्मा, सुजीत माहोरे, अर्पित नारेकर, अमन वर्मा, कु. संतोषी विश्वकर्मा, तपस्या यादव, शीतल बरमैया ने लोगों से भी अपील कि वे जल बचाओ अभियान में सहभागिता करते हुए जल संरक्षण में अपना योगदान दे।

## पाटन ढाना हैंडपंप पर की साफ सफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक संजय बामने के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर क्रमांक-03 पाटनढाना स्थित हैंडपंप के आसपास तथा सोख्ता गड्ढे मैं जमा अपशिष्ट, पालीथीन, सीमेंट की बोरी, प्लास्टिक की बोतल का कचरा आदि को निकाला गया जिससे की गंदे जल का सही तरीके से जमीन में रिसाव हो सके।



इस अवसर पर परामर्शदाता चन्द्रकान्त विश्वकर्मा ने जल संरक्षण अभियान ओर जल के महत्व व जल को कैसे बचाया जाए के संबंध में सभी को बताया। परामर्शदाता सुभाष मिनोटे ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

संदीप राज एवं स्वाति सूर्यवंशी ने सभी से यह आग्रह किया कि आप अपने अपने क्षेत्र के जल श्रोत को संरक्षित करने हेतु ग्रामीण जन के सहयोग से तालाब, कुओं, हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जलश्रोत को संरक्षित करने हेतु सभी को मोटिवेट करने का कार्य करे यह अभियान लगातार 30 जून तक चलेगा।

परामर्शदाता पंकज राय ने जल है तो कल है जैसे नारे के माध्यम से युवाओं में जोश एवं उत्साह भरते हुए क्षेत्र में रैली के माध्यम से लोगों जागरूक करने की बात कही। यह कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ

## भाजपा ने डाला टैक्स का बोझ, कांग्रेस ने किया विरोध

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा सरकार ने जनता पर बढ़े हुए टैक्स का बोझ डाला है जिसका विरोध कांग्रेस जनसमर्थन के साथ लगातार कर रही है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनता के बीच पहुंच रही कांग्रेस को भाजपा के विरोध में भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा। लोग खुले मन व दिल से कह रहे हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 सोनपुर शिव मंदिर के पास से हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ हुआ। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घर-घर दस्तक देकर हस्ताक्षर लेकर भाजपा के द्वारा बढ़ाए गए जल टैक्स, सम्पत्ति टैक्स व स्वच्छता टैक्स में की गई भारी वृद्धि से अवगत कराया।



उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की परिषद में नेताद्वय के स्पष्ट निर्देश थे कि जलकर और संपत्ति कर को न बढ़ाया जाए क्योंकि जनता महंगाई के मार से परेशान है और यदि टैक्स की दर बढ़ाई जाी है तो जनता इसे सहन नहीं कर पाएगी।

जागरूकता के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने घर घर पहुंचकर लोगों को बढ़े हुए जल कर और संपत्ति कर का विरोध करने और की कांग्रेस को समर्थन करने की बात कही।

